न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला–भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 133 / 2024

उनवान

1. बालकृष्ण पिता श्री बिहारीलाल जाति मुन्दडा नि0 हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)

——प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री लक्ष्मण सिंह पिता श्री मोहन सिंह जाति दरोगा नि0 दरोगा मोहल्ला तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
2. श्री शक्ति सिंह पिता श्री राधाकिशन जाति दरोगा नि0 दरोगा मोहल्ला तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. श्री इन्द्र सिंह पिता श्री मोहन सिंह जाति दरोगा नि0 दरोगा मोहल्ला तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. श्रीमति नन्दु पत्नि नाना लाल जाति माली नि0 एसआर पेट्रोल पम्प के पिछे मंगरोप रोड हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
5. श्री देबी लाल पिता श्री मोहन लाल जाति माली नि0 एसआर पेट्रोल पम्प के पिछे मंगरोप रोड हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
6. श्री देवा लाल पिता श्री कल्याणमल जाति प्रजापत नि0 प्रजापत मोहल्ला नई आबादी, हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
7. श्री कालु लाल पिता श्री मांगु जाति कुम्हार प्रजापत नि0 प्रजापत मोहल्ला नई आबादी, हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
8. श्री कालु पिता श्री पृथ्वी राज जाति दरोगा नि0 बस स्टेण्ड हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
9. श्री देवी लाल पिता श्री घीसु लाल जाति छीपा नि0 मस्जिद चोक हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
10. श्री बबलु पिता श्री कल्याणमल जाति प्रजापत नि0 प्रजापत नि0 प्रतापत मोहल्ला, नई आबादी, हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
11. श्री मिठु पिता श्री चोथमल जाति दरोगा नि0 बस स्टेण्ड, हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
12. श्री भोपाल लाल पिता मांगु जाति प्रजापत एसआर पेट्रोल पम्प के पिछे मंगरोप रोड हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
13. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

———अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 03–04–2025

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भूॅ–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 13.08.2024 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम **हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू0 अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र हमीरगढ तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) के खाता संख्या 829 की आराजी नम्बर 2082/2 रकबा 0.1770 हैक्टयर, आराजी नम्बर 2171 रकबा 0.0253 हैक्टयर, आराजी नम्बर 2766 रकबा 0.1138 हैक्टयर, आराजी नम्बर 3150 रकबा 0.7081 हैक्टयर, आराजी नम्बर 3667 रकबा 0.3794 हैक्टयर, आराजी नम्बर 4058/3667 रकबा 0.1391 हैक्टयर, कुल किता 06 कुल रकबा 1.5427है0, भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक **20.08.2024** को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या **01 लगायत 03,** की ओर से अधिकार पत्र अधिवक्ता रणवीर सिह का पेश हुआ। साथ ही जवाब पेश किया गया है। **04 लगायत 12** बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के

उपखण्ड अधिकारी

अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

—::आदेश::—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **हमीरगढ पटवार हल्का हमीरगढ भू0 अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र हमीरगढ तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) के खाता संख्या 829 की आराजी नम्बर 2082/2 रकबा 0.1770 हैक्टयर, आराजी नम्बर 2171 रकबा 0.0253 हैक्टयर, आराजी नम्बर 2766 रकबा 0.1138 हैक्टयर, आराजी नम्बर 3150 रकबा 0.7081 हैक्टयर, आराजी नम्बर 3667 रकबा 0.3794 हैक्टयर, आराजी नम्बर 4058/3667 रकबा 0.1391 हैक्टयर, कुल किता 06 कुल रकबा 1.5427है0, भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 700/—पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 03.04.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(तेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)